बीएचईएल ने ईईपीसी इंडिया क्वालिटी पुरस्कार 2025 जीता

नई दिल्ली, 8 सितंबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को पीएसयू श्रेणी में 'ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2025' के 5वें संस्करण में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो बीएचईएल द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के अटूट प्रयास को दर्शाती है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कंपनी की उत्कृष्टता, क्षमता और गुणवत्ता में मजबूती के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कंपनी-व्यापी पहलों जैसे व्यावसायिक उत्कृष्टता, 5एस, गुणवत्ता चक्र, डिजिटलीकरण आदि द्वारा संचालित है।

यह पुरस्कार आज श्री एस एम रामनाथन, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) ने श्री पीयूष गोयल, माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से प्राप्त किया।